डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय ,भदोही
उत्तर प्रदेश

मिशन शक्ति 2025 (फेज-05) **दिनांक : 18/11/2025**

आख्या

विषय : मिशन शक्ति छात्राओं हेतु आत्मरक्षा कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन।

आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय, भदोही में "मिशन शक्ति" के पाँचवें चरण के अंतर्गत छात्राओं हेतु आत्मरक्षा कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. माया ने की। उन्होंने अपने प्रेरक संबोधन में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा कौशल के महत्व को रेखांकित किया तथा उन्हें सजग, आत्मनिर्भर और सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुजीत कुमार सिंह एवं डॉ. बृजेश कुमार रहे। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन डॉ. बृजेश कुमार द्वारा प्रभावी एवं सुव्यवस्थित रूप से किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में आत्मरक्षा से संबंधित व्यावहारिक तकनीकों का विकास करना, उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने योग्य बनाना तथा उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना था। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और प्रशिक्षकों द्वारा प्रदत्त विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का अभ्यास किया।कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और छात्राओं एवं शिक्षकों ने इसे अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

Maya
प्राचार्य
डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी
राजकीय महाविद्यालय, भदोही

DR. SHYAMA PRASAD MUKHARJEE
GOVT. DEGREE COLLEGE, BHADOHI
SUBMITTED TO-
BRIJESH KUMAR
SUBMITTED BY-
ANKIT KUMAR BHARATI
SESSION- 2024-25
ANISH KUMAR
SEM- IInd

श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय
भदोही
इन्डोर खेल : 22-25 जनवरी 2025
डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय, भदोही
वार्षिक क्रीड़ा समारोह :- 2024-25
पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह
मुख्य अतिथि : प्रो. रमेश चन्द्र यादव
विशिष्ट अतिथि : श्री गुलाबधर तिवारी
श्री बृजेश कुमार
DR. SHYAMA PRASAD MUKHARJEE
GOVT. DEGREE COLLEGE, BHADOHI

DR. SHYAMA PRASAD MUKHARJEE
GOVT. DEGREE COLLEGE, BHADOHI
SUBMITTED TO:
BRIJESH KUMAR
SESSION- 2024-25
SEM- IInd

DR. SHYAMA PRASAD MUKHARJEE
GOVT. DEGREE COLLEGE, BHADOHI
SUBMITTED TO:
BRIJESH KUMAR

शारीरिक रूप से सशक्त होना जरूरी

जागरण संवाददाता, भदोही : डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में चल रहे आत्मरक्षा कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण गुर सिखाए गए। प्रशिक्षक आशीष कुमार ने छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए आवश्यक तकनीकें व्यवहारिक रूप से सिखाईं। उन्होंने छात्राओं में आत्मविश्वास, जागरूकता और आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम एक सप्ताह तक चलेगा। अंतिम दिन सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

इससे पहले महाविद्यालय की प्राचार्य डा. माया ने दूसरे दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि छात्राओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

हिन्दुस

फिजिकल डिफेंस के बारे में दी जानकारी

भदोही, संवाददाता। शहर के रामरायपुर स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को आत्मरक्षा कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। दूसरे दिन विद्यार्थियों को महती जानकारियां दी गईं।

महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मिशन शक्ति एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आत्मरक्षा कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जाएगा। मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आत्मरक्षा को आवश्यक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है, ताकि वे किसी भी आकस्मिक या आपात स्थिति में स्वयं की सुरक्षा कर सकें। कार्यक्रम में छात्राओं को आत्मरक्षा के कई उपाय जैसे फिजिकल डिफेंस तकनीक, मानसिक सजगता तथा संकट की स्थिति में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने के उपाय सिखाए जा रहे हैं।